# निवेश उत्सव के रूप में मनाया जाएगा गीडा दिवस

- प्राधिकरण ने 7000 करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी
- 10 बड़े निवेशकों को मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन पत्र दिलाने की है योजना
- गीडा प्रशासन ने तेज की तैयारी 30 नवंबर को आयोजित होगा कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने 30 नवंबर को आयोजित होने वाले गीडा दिवस की तैयारी तेज कर दी है। इस वर्ष यह आयोजन एक 'निवेश उत्सव' के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में 7,000 करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने की योजना है। इस अवसर पर 164 से अधिक सफल निवेशकों को भूखंड आवंटन पत्र दिए जाने की उम्मीद है। गीडा का लक्ष्य 10 सबसे बड़े निवेशकों को मुख्यमंत्री के हाथों ये पत्र दिलवाना है। इन भूखंडों के लिए साक्षात्कार और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं 27 नवंबर तक पूरी कर ली जाएंगी।

गीडा ने कुल 194 भूखंडों के लिए आवेदन मांगे थे, जिनमें से 164 औद्योगिक हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर निर्धारित की गई है। कई बड़े निवेशक इन भूखंडों को प्राप्त करने में रुचि दिखा रहे हैं।

**दो दिवसीय ट्रेड शो का भी होगा आयोजनः** इस भव्य आयोजन के हिस्से के रूप में, 30 नवंबर और एक दिसंबर को एक दो दिवसीय ट्रेड शो का भी आयोजन किया जाएगा। इस शो में गोरखपुर-बस्ती मंडल के प्रमुख उत्पादों के साथ-साथ सभी 75 जिलों के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के स्टाल लगाए जाएंगे। कुल मिलाकर लगभग 250 स्टाल लगाने की तैयारी है, जो स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप है।

**धुरियापार में अलग से होगा आयोजनः** गीडा दिवस के मुख्य कार्यक्रम के अलावा, धुरियापार में भी एक अलग आयोजन की तैयारी है।

धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अदाणी समूह की अंबुजा सीमेंट इकाई और केयान समूह के लिए क्रमशः 50 एकड़ और 65 एकड़ भूमि का आवंटन पहले ही हो चुका है। अदाणी समूह अपनी इकाई के शिलान्यास की तैयारी कर रहा है, जिससे क्षेत्र में बड़े निवेश की शुरुआत होगी।

> स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। गीडा के उत्पादों के साथ प्रदेश के प्रमुख ओडीओपी उत्पादों की भी प्रदर्शनी प्रस्तावित है। ट्रेड शो दो दिनों का होगा। 10 बड़े निवेशकों को मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन पत्र दिलाने की तैयारी है।
>
> रामप्रकाश, एसीईओ